# प्रेस नोट थाना राजघाट जनपद गोरखपुर  05.08.2026

# 04 वर्षीय गुमशुदा बालक को 30 मिनट के अन्दर बरामद कर नियमानुसार परिजन को सुपुर्द किया गया

पुलिस अधीक्षक नगर के मार्गदर्शन में, क्षेत्राधिकारी कोतवाली के पर्यवेक्षण में व थानाध्यक्ष राजघाट के नेतृत्व में मय पुलिस टीम द्वारा गुमशुदा बालक को 30 मिनट के अन्दर बरामद कर उके परिजनो को सुपुर्द किया गया।

**घटना का संक्षिप्त विवरण-**

आज दिनांक 05.08.2026 को चौकी पाण्डेयहाता क्षेत्र के हाक मोबाइल पर तैनात आरक्षी सुनील यादव को क्षेत्र भ्रमण के दौरान एक आवेदक द्वारा मौखिक सूचना दी गयी कि उनका 04 वर्षीय पुत्र घर के बाहर बच्चों के साथ खेल रहा था, जो पिछले करीब एक घंटे से लापता है तथा काफी तलाश के बाद भी नहीं मिल रहा है। बीट आरक्षी सुनील यादव द्वारा तत्काल थाना प्रभारी एवं चौकी प्रभारी पाण्डेयहाता को सूचना दी गयी। थाना स्थानीय पुलिस टीम द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए संभावित स्थानों पर तलाश की गयी तथा सीसीटीवी फुटेज एवं अन्य माध्यमों से जानकारी प्राप्त कर गुमशुदा बालक को 30 मिनट के अंदर सकुशल बरामद कर परिजनों के सुपुर्द किया गया।

**बरामदगी की टीम-**

1. उ0नि0 योगेंद्र पाण्डेय चौकी प्रभारी पांडेयहाता थाना राजघाट जनपद गोरखपुर
2. उ0नि0 शादाब थाना राजघाट जनपद गोरखपुर
3. म0उ0नि0 प्रगति यादव थाना राजघाट जनपद गोरखपुर
4. आरक्षी सुनील यादव थाना राजघाट जनपद गोरखपुर
5. आरक्षी त्रिभुवन थाना राजघाट जनपद गोरखपुर
6. आरक्षी राघवेन्द्र थाना राजघाट जनपद गोरखपुर